# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 02.02.2026 समय : 1905

<><><><><><>

- संसद के दोनों सदनों में बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण को केन्द्रीय मंत्री सर्बानन्द सोनोवाल ने भविष्य के लिए प्रेरणादायक दृष्टिकोण बताया।
- खगोल पर्यटन के माध्यम से आय और रोज़गार सृजन के लिए प्रशासन ने आवेदन मांगे है।
- सी पी सी बी ने डीजल जेनरेटर सेटों के लिए उत्सर्जन नियंत्रण उपकरणों के प्रमाणित निर्माताओं की अद्यतन सूची जारी की।
- राजधानी श्री विजयपुरम में भारत रंग महोत्सव में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के नाटकों का मंचन किया जाएगा

<><><><><><>

संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई। लोकसभा में चर्चा के लिए कुल 18 घंटे और राज्यसभा में 16 घंटे निर्धारित किये गए हैं। सदन में धन्यवाद प्रस्ताव रखते हुए केन्द्रीय मत्री और भाजपा सांसद सर्बानंद सोनोवाल ने राष्ट्रपति मुर्मु के अभिभाषण को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि अभिभाषण में देश के भविष्य के लिए प्रेरणादायक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है। राष्ट्रपति का संसद के संयुक्त सत्र को दिया गया संबोधन उल्लेखनीय रहा है। ये 21वीं सदी का पहला भाग है जो हमारे राष्ट्र के आगामी 25 वर्ष के सफर की नींव रखता है। श्री सोनोवाल ने बताया कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में सीधे 44 लाख करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं। उन्होंने डिजिटल इंडिया पहल के महत्व पर बल दिया। डिजिटल इंडिया केवल एप्लीकेशन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सशक्तिकरण की बात है। डीबीटी के माध्यम से सीधे 44 लाख करोड रुपए का हस्तांतरण हुआ है और 25 करोड लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। वैश्विक डिजिटल लेनदेन का लगभग आधा हिस्सा भारत में हो रहा है।

<><><><><><>

भाजपा के तेजस्वी सूर्या ने धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्ष में नरेंद्र मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जनता की आकांक्षाओं को पूरा किया है और देश के उज्जवल भविष्य के लिए युवाओं को सशक्त बनाया जा रहा है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार भाजपा अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने कल पेश हुए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह बजट विकासोन्मुख और नागरिकों के हित में तैयार किया गया है। श्री तिवारी ने बजट में प्रस्तावित योजनाओं को स्थानीय विकास और रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

<><><><><><>

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अपने यूपीसी–प्रथम प्रभाग के माध्यम से डीज़ल जनरेटर सेट इंजनों के लिए रेट्रोफिट उत्सर्जन नियंत्रण उपकरणों से संबंधित प्रमाणित निर्माताओं की अद्यतन सूची जारी की है। यह सूची 800 किलोवाट तक क्षमता वाले डीज़ल जनरेटर सेटों पर लागू होगी। इसमें विभिन्न क्षमता वर्गों के डीज़ल जनरेटर सेटों के लिए स्वीकृत निर्माताओं का विवरण वर्तमान उत्सर्जन मानकों के अनुरूप दिया गया है। यह अद्यतन सूची केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की गई है तथा समय–समय पर इसमें नए स्वीकृत निर्माताओं और उपकरण क्षमताओं को सम्मिलित करते हुए संशोधन किया जाता है।

<><><><><><>

कला एवं संस्कृति निदेशालय और नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, नई दिल्ली के सहयोग से राजधानी श्री विजयपुरम में तीन दिवसीय पच्चीसवें भारत रंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव 13 से 15 फरवरी तक डॉ भीम राव अम्बेडकर सभागार में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान हिंदी में तीन नाटकों का मंचन किया जाएगा। 13 फरवरी को 'ताजमहल का टेंडर', 14 फरवरी को 'मै री मैं का से कहूं' और 15 फरवरी को 'बाबुजी' नाम के नाटक का मंचन किया जाएगा। सभी नाटको का समय शाम छ बजे रखा गया है। तीनों दिन कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम में 5 फरवरी को सुबह साढ़े दस बजे टैगोर गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, मिडिल प्वाइंट के सभागार में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास एवं सुविधा कार्यालय, श्री विजयपुरम और अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के समन्वय से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत आने वाले 18 पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को उद्यम विकास, वित्तीय समावेशन, कौशल उन्नयन और

सतत आजीविका सृजन से संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी देना है। इस अवसर पर भारत सरकार के मंत्रालय, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन, यूटीएलबीसी, बैंक, उद्योग विभाग, उद्योग संघ और अन्य विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

वहीं डिगलीपुर में 8 फरवरी को सुबह साढ़े दस बजे मध्योत्तर अंडमान के स्टेडियम के पास बहुउद्देशीय सभागार में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 778–286–7741 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

नेताजी स्टेडियम में 31 जनवरी को रात साढ़े आठ बजे ASMITA महिला रग्बी लीग का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की महिला रग्बी खिलाडियों ने भाग लिया। रग्बी लीग में कुल सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो विभिन्न क्लबों और टीमों का प्रतिनिधित्व कर रही थीं। समापन समारोह में मुख्य अतिथि फरहान जेडवेड ने खिलाड़ियों की प्रशंसा की। कप्तान डेजी के नेतृत्व में वाइपर सेवन टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महिला रग्बी लीग की विजेता ट्राफी अपने नाम की।

वहीं कयाकिंग और केनोइंग प्रतियोगिता का सिपीघाट में आयोजन किया गया। पदक वितरण समारोह में पूर्व शिक्षा निदेशक आर देव दास, अंडमान–निकोबार कयाकिंग और केनोइंग संघ की अध्यक्ष मंजू सिंह तथा मुक्केबाजी खेल से जुडे एम ए मनोहरन ने विजेता खिलाडियों को पदक प्रदान किए और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान एशियाई खेलों में भाग ले चुके पैडलर कर्मा टोप्पो और श्रीमति बिश्नोई सहित अंतरराष्ट्रीय पैडलर वेंकट रमण ने भी प्रतिभागियों से संवाद किया।

<><><><><><>

खेल एवं युवा कार्य विभाग द्वारा दक्षिण अंडमान जिले के वरिष्ठ नागरिकों पुरुष और महिलाओं के लिए प्रथम जिला स्तरीय ओपन एथलेटिक मीट 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 4 और 5 फरवरी को प्रतिदिन शाम 4 बजे से नेताजी स्टेडियम खेल परिसर, श्री विजय पुरम में आयोजित होगी। इस एथलेटिक मीट में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। इनमें गोला फेंक और म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। इच्छुक प्रतिभागी अपना पंजीकरण खेल एवं युवा कार्य विभाग में 4 फरवरी को सुबह 11 बजे तक करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष संख्या 953–180–7157 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

सरकार ने ईमेल के माध्यम से प्रसारित हो रहे एक फर्जी संदेश का खंडन किया है। इसमें लोगों से ई–पैन कार्ड डाउनलोड करने का अनुरोध किया गया है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने बताया है कि प्रसारित हो रहे ईमेल फर्जी हैं। सरकार ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे वित्तीय और संवेदनशील जानकारी साझा करने से संबंधित ऐसे ईमेल, लिंक, कॉल और एसएमएस पर प्रतिक्रिया न दें।

<><><><><><><>